भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2711

02 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए नियत

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम

2711. इंजीनियर गुमान सिंह दामोर:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय के तहत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) की संख्या कितनी है;

(ख) कितने उपक्रम कार्य कर रहे हैं और कितने बंद हो गए हैं और इसके क्या कारण हैं;

(ग) इन सीपीएसई द्वारा प्रतिवर्ष अर्जित लाभ/हानि का ब्यौरा क्या है;

(घ) कितनी सीपीएसई की अनुषंगी कंपनियां हैं और इनमें से कितनी अनुषंगी कंपनियां कार्यरत हैं और कितनी बंद कर दी गई हैं और इसके क्या कारण क्या हैं;

(ड.) क्रियाशील अनुषंगियों में से लाभ कमाने वाली अनुषंगियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और घाटे में चल रही अनुषंगियों की संख्या कितनी है;

(च) इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों के विनिर्माण में लगे उद्यमों/कंपनियों की संख्या कितनी है; और

(छ) एक इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहन के संचालन से ध्वनि और वायु प्रदूषण में कितनी मात्रा में कमी आने की संभावना है और इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल के आयात में कितनी कमी होने की संभावना है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (ङ) : ब्योरा अनुलग्नक में है।

(च) : भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन कोई भी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम इलेक्ट्रिक चौपहिया वाहनों के विनिर्माण में संलग्न नहीं है।

(छ) : नीति आयोग से प्राप्त सूचनानुसार, इलेक्ट्रिक चौपहिया वाहन के प्रचालन के दौरान कोई प्रदूषण (टेल पाइप उत्सर्जन) नहीं होता और शोर भी न्यूनतम होता है। इसके प्रचालन के लिए किसी भी गैसोलीन-आधारित उत्पाद (डीजल, पेट्रोल और सीएनजी) की आवश्यकता नहीं होती।

अनुलग्नक

प्रचालनरत/कार्यशील केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम		लाभ/हानि (कर-पूर्व लाभ) करोड़ रुपये में		
क्र.सं.	केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम का नाम	वित्त वर्ष 2019-20	वित्त वर्ष 2020-21	वित्त वर्ष 2021-22 (अनंतिम)
1	एंड्रयू यूल एंड कपनी लिमिटेड	-21.25	14.70	33.79
2	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड	-662.00	-3612.00	437.00
3	ब्रेथवेट बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड	2.28	15.07	4.94
4	ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड	50.92	12.66	32.25
5	सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	-50.94	13.15	40.20
6	इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड	7.94	-43.69	-62.31
7	हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-405.37	-175.78	-234.82
8	एचएमटी लिमिटेड	28.04	31.58	38.35
9	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड (एचएमटी लिमिटेड की अनुषंगी)	-98.72	-132.79	-145.73
10	एचएमटी इंटरनेशनल लिमिटेड (एचएमटी लिमिटेड की अनुषंगी)	3.88	1.20	0.28
11	रिचर्डसन एंड क्रुडास लिमिटेड	24.07	18.41	25.44
12	हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड (एचएसएल)	-1.85	5.80	1.43
13	सांभर साल्ट्स लिमिटेड (एचएसएल लिमिटेड की अनुषंगी)	-2.59	5.35	10.85
14	राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ड्रुमेंट्स लिमिटेड	-29.37	-19.05	-10.00
15	नेपा लिमिटेड	-71.25	-53.90	-60.91
16	इंस्ड्रुमेंटेशन लिमिटेड	45.61	34.76	25.97
बंद होने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम				
1	एचएमटी वॉचेज लिमिटेड (एचएमटी लिमिटेड की अनुषंगी)	इन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों को लंबे समय से भारी घाटा हो रहा था और कम क्रयादेश, कार्यशील पूंजी की कमी, पुराने संयंत्र और मशीनरी, निजी क्षेत्र से कड़ी प्रतिस्पर्धा, सस्ता आयात और बदलती बाजार स्थितियों के अनुरूप सामंजस्य बिठाने में कठिनाई सहित अनेक कारणों से मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में इनके कायाकल्प की कोई संभावना नहीं थी।		
2	हिंदुस्तान केबल्स लिमिटेड			
3	तुगभद्रा स्टील प्रोडेक्ट्स लिमिटेड			
4	भारत पंप्स एंड कंप्रेसर्स लिमिटेड			
5	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड			
6	नेशनल बाइसिकल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड			
परिसमापनाधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम				
1	रेरोल बर्न लिमिटेड			
2	टायर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड			
3	भारत आप्थाल्मिक ग्लास लिमिटेड			
4	वेबर्ड (इंडिया) लिमिटेड			
5	माइनिंग एंड एलाइड मशीनरी कॉर्पोरेशन लिमिटेड			
6	भारत प्रोसेस एंड मेकेनिकल इंजीनियर्स लिमिटेड			
7	भारत ब्रेक्स एंड वाल्वस लिमिटेड			
8	साइकिल कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड			
9	रिहैबिलेटेशन इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड			
10	भारत यंत्र निगम लिमिटेड			
11	त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड			
12	भारत लेदर कॉर्पोरेशन लिमिटेड			
13	नेशनल इंडस्ट्रियल डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड			
14	टैनरी एंड फुटवियर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड			
15	हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी की अनुषंगी)			
16	नागालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड (एचपीसी की अनुषंगी)			
17	हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचपीसी की अनुषंगी)			
18	हिंदुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड			

*****